


दैनिक

# राष्ट्रीय प्रस्तावना

गाँव से गवर्नेन्स तक



लखनऊ, रायबरेली, इलाहाबाद,आजमगढ़, झांसी, एटा,औरैया, अमेठी,बलरामपुर, फतेहपुर, बांदा, उन्नाव, लखीमपुर, मुरादाबाद, कन्नौज, बाराबंकी, सीतापुर,जौनपुर,श्रावस्ती,उरई,जालौन, फिरोजाबाद,हरदोई, मथुरा,कानपुर,ललितपुर, गोण्डा, सहारनपुर,सिद्धार्थनगर,सन्तकबीरनगर, नोयडा सहित प्रदेश के समस्त क्षेत्रों में बहुप्रसारित

वर्ष : 9 अंक 02 | लखनऊ, मंगलवार, 16 जुलाई , 2019 | पृष्ठ : 8 | मूल्य : 2.00



# CAAD के नए केंद्र 'लाइववायर' का उद्घाटन हुआ समारोह

लखनऊ। बैंगलोर की 'लाइववायर' फ्रेंचाइजी का एक नया CAAD केंद्र विज्ञान स्नातक और बीण्टेक छात्रों को उनके करियर के विकास में लाभ पहुचाने के लिये विकास नगरए सेक्टर .14 लखनऊ में खोला गया है। लाइववायर सेंटर के अध्यक्ष श्री अशोक कुमार सिंह ने मुख्य अतिथि और गेस्ट ऑफ ऑनर और अन्य विशिष्ट अतिथियों और छात्रों का स्वागत किया। केंद्र का उद्घाटन, एक प्रतिष्ठित वैज्ञानिक और पर्यावरणविद प्रो0 डॉ0. भरत राज सिंह, महानिदेशक (तकनीकी) स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज, लखनऊ द्वारा किया गया, जो समारोह के मुख्य अतिथि थे। उन्होंने कहा कि विश्व स्तर पर उन्नत तकनीकों मे जैसेः आर्टिफिसियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स, आईओटी,बिगडाटा,ब्लॉक.चेन, वीएलएसआई, मेटलैब, सॉलिड.वर्क्स, पायथन आदि इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी की सभी शाखाओं के विद्यार्थियो के लिए बहुत उपयोगी होंगे। उन्होंने यह भी कहा कि इस केंद्र से प्रशिक्षित छात्रों को निश्चित रूप से बहुराष्ट्रीय कंपनियों और अग्रणी व्यावसायिक उद्योगों में बेहतर रोजगार मिलेगा। इस समारोह मे आइआइटी बीएचयू वाराणसी में विज्ञान संकाय के सेवानिवृत्त प्रोफेसर और डीन डॉ0 नवीन कुमार सिंहए गेस्ट ऑफ ऑनर थे। उन्होंने अपने प्रेरक भाषण से दर्शकों और छात्र प्रतिभागियों को आशीर्वाद दिया। श्री प्रवीण कुमार यादव, बिजनेस मैनेजर, ने केंद्र के कामकाज के बारे में विस्तार से बताया और सूचित किया कि वर्तमान बाजार के परिदृश्य के अनुसार छात्र इस सेंटर से ट्रेनिंग के उपरांत अधिक रोजगारपरक कैसे बनेंगे?




यह केंद्र एक प्रमुख शिक्षाविद श्री अशोक सिंह द्वारा संचालित किया जा रहा है। इस सेंटर के बिजनेस मैनेजर और उनकी टीम के कुशल मार्गदर्शन में, यह समाज के लिये महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा।